# उत्तर प्रदेश में जल्द बनेगा देश का सबसे बड़ा एआइ डाटा केंद्र

**दावोस में 2.27 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश को एमओयू**
**एएम ग्रीन समूह राज्य में डाटा केंद्र के क्षेत्र में करेगा बड़ा निवेश**

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में देश के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित डाटा केंद्र की स्थापना की जाएगी। स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में दूसरे दिन राज्य के प्रतिनिधिमंडल और एएम ग्रीन समूह के बीच 2.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कंपनी ग्रेटर नोएडा में कंप्यूट डाटा केंद्र की स्थापना करेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में भाग लेने के लिए दावोस गया है। सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों के निवेशकों के साथ प्रतिनिधिमंडल ने आठ से ज्यादा बैठकें कीं। ग्रेटर नोएडा में एएम ग्रीन समूह के साथ एक गीगावाट का कंप्यूट डाटा केंद्र स्थापित करने पर एमओयू किया गया। एएम ग्रीन समूह 2030 तक इस केंद्र को स्थापित करेगा। पहला चरण वर्ष 2028 तक पूरा होगा। डाटा केंद्र भारतीय डेवलपर्स को चिपसेट एक्सेस भी उपलब्ध कराएगा। कंपनी के अध्यक्ष महेश कोल्ली ने कहा, एक गीगावाट कंप्यूट क्षमता को हरित ऊर्जा से जोड़कर हम सरकार के सहयोग से वैश्विक एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भविष्य के लिए एक टिकाऊ माडल तैयार करेंगे।

**इन कंपनियों ने भी किए एमओयू:** आइनाक्स जीएफएल समूह ने सोलर क्षमता और सोलर माड्यूल निर्माण के लिए 10,500 करोड़ के निवेश को लेकर एमओयू किया है। आइनाक्स राज्य में दो गीगावाट सौर ऊर्जा परियोजना तथा तीन गीगावाट सौर माड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करेगी। वहीं, टीडब्ल्यूआइ समूह ने उत्तर प्रदेश में 1,100 करोड़ से भारत की पहली हाइब्रिड ईवी मोटरसाइकिल निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एमओयू किया है। इसके अलावा स्वीडन की प्रोमोटेक कंपनी लखनऊ में 500 करोड़ रुपये से रक्षा क्षेत्र के उत्पादों के निर्माण की इकाई स्थापित करने के लिए एमओयू किया है।